रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सा महिला शरीर अंग, प्रत्येक महीने निषेचित अंडे को प्राप्त करने के लिए स्वयं को तैयार करता है?

Ans
- ✔ A. गर्भाशय
- ✘ B. अग्न्याशय
- ✘ C. वृक्क
- ✘ D. ग्रसनी

**Q.2** दैनिक जीवन में बेकिंग सोडा (सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट) का निम्नलिखित में से कौन-सा उपयोग सही है?

Ans
- ✘ A. इसका उपयोग खाद्य लवण बनाने के लिए किया जाता है।
- ✘ B. इसका उपयोग साबुन को नॉन-ग्रीसी (non-greasy) बनाने के लिए किया जाता है।
- ✔ C. इसका उपयोग अग्निशामक यंत्रों में फेन बनाने के लिए किया जाता है।
- ✘ D. इसका उपयोग लेड-एसिड बैटरियों में प्रबल अम्लों को उदासीन करने के लिए किया जाता है।

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन सा कार्बनिक यौगिक है?

Ans
- ✘ A. CaCO3
- ✔ B. C2H6
- ✘ C. NaCl
- ✘ D. Na2CO3

**Q.4** उस अर्ध-संरक्षी प्रक्रिया का नाम क्या है जिसमें DNA ,दो समरूप अणुओं में द्विगुणित होता है?

Ans
- ✘ A. ट्रांस्लेशन (Translation)
- ✘ B. अनुलेखन (Transcription)
- ✘ C. उत्परिवर्तन (Mutation)
- ✔ D. प्रतिकृति (Replication)

**Q.5** चयनात्मक पारगम्य झिल्ली के माध्यम से जल के विसरण को ______ कहते हैं।

Ans
- ✘ A. सक्रिय परिवहन (active transport)
- ✘ B. वाष्पोत्सर्जन (transpiration)
- ✘ C. विसरण (diffusion)
- ✔ D. परासरण (osmosis)

| Q.6 | मुख्य अक्ष के समान्तर तथा निकट तीन प्रकाश किरणें एक उत्तल लेंस पर आपतित होती हैं, ये किरणें लेंस से गुजरने के बाद किस बिंदु पर अभिसरित होंगी? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ऑप्टिकल केंद्र पर |
| | ✘ B. फोकस से परे किसी भी बिंदु पर |
| | ✘ C. ऑप्टिकल केंद्र और फोकस के बीच किसी भी बिंदु पर |
| | ✔ D. लेंस के फोकस पर |

| Q.7 | वृषणकोष का तापमान, सामान्य शरीर के तापमान से कितने डिग्री सेल्सियस कम होता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. लगभग 3°C |
| | ✘ B. लगभग 12°C |
| | ✘ C. लगभग 6°C |
| | ✘ D. लगभग 7°C |

| Q.8 | धारावाही वृत्तीय तार का प्रत्येक खंड लूप के केंद्र पर ________ में चुंबकीय क्षेत्र में योगदान देता है। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. यादृच्छिक दिशा |
| | ✘ B. लम्बवत दिशा |
| | ✔ C. समान दिशा |
| | ✘ D. विपरीत दिशा |

| Q.9 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. G का मान हर जगह स्थिर होता है |
| | ✘ B. गुरुत्वाकर्षण बल सदैव आकर्षी होता है |
| | ✔ C. गुरुत्वाकर्षण बल छोटे पिंडों में सर्वाधिक प्रबल होता है |
| | ✘ D. ब्रह्मांड में प्रत्येक वस्तु प्रत्येक अन्य वस्तु को आकर्षित करती है |

| Q.10 | ओजोन के एक अणु में ____________ होता है/होते हैं। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 4 ऑक्सीजन परमाणु |
| | ✘ B. 1 ऑक्सीजन परमाणु |
| | ✔ C. 3 ऑक्सीजन परमाणु |
| | ✘ D. 2 ऑक्सीजन परमाणु |

| Q.11 | कौन-सी प्राथमिक विशेषता माइटोकॉन्ड्रिया को 'कोशिका का पावरहाउस' कहलाने की अनुमति देती है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. वे प्रोटीन संश्लेषण को नियंत्रित करते हैं। |
| | ✔ B. ये ऊर्जा को ATP के रूप में संश्लेषित करते हैं |
| | ✘ C. इनमें पाचन एंजाइम होते हैं। |
| | ✘ D. ये कैल्शियम आयन संग्रहित करते हैं |

| Q.12 | निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रकाश के अपवर्तन के कारण नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. उत्तल दर्पण द्वारा प्रतिबिंब रचना |
| | ✘ B. तारों का टिमटिमाना |
| | ✘ C. विलंबित सूर्यास्त |
| | ✘ D. उत्तल लेंस द्वारा प्रतिबिंब रचना |

| Q.13 | जब इथेनॉल सांद्र $H_2SO_4$ की उपस्थिति में एथेनॉइक एसिड के साथ अभिक्रिया करता है तो ______ उत्पन्न होता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कीटोन |
| | ✗ B. एल्कोहॉल |
| | ✗ C. एल्डिहाइड |
| | ✓ D. एस्टर |

| Q.14 | निम्नलिखित में से किसका संघटन परिवर्ती होता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. जल |
| | ✗ B. हाइड्रोजन क्लोराइड |
| | ✗ C. मेथेन |
| | ✓ D. पीतल |

| Q.15 | पादप के निम्नलिखित में से किस भाग में विभाजी ऊतक क्षेत्र (dividing tissue region) होता है जो वृद्धि में सहायक होता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चालनी नलिका |
| | ✗ B. वाहिका |
| | ✓ C. शीर्षस्थ विभज्योतक |
| | ✗ D. दृढ़ोतक |

| Q.16 | $H_2O$ में ऑक्सीजन की संयोजकता कितनी होती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✗ C. 0 |
| | ✓ D. 2 |

| Q.17 | यह मानते हुए कि वस्तु एकसमान वेग से गतिमान है, किसी वस्तु के वेग को उसके यात्रा समय से गुणा करने पर कौन-सी भौतिक राशि प्राप्त होती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. संवेग |
| | ✗ B. त्वरण |
| | ✓ C. विस्थापन |
| | ✗ D. बल |

| Q.18 | परमाण्विक द्रव्यमान निर्धारित करने के लिए, निम्नलिखित में से किसका चयन मानक संदर्भ के रूप में किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. नाइट्रोजन-14 |
| | ✗ B. नाइट्रोजन-15 |
| | ✓ C. कार्बन-12 |
| | ✗ D. कार्बन-13 |

| Q.19 | यदि किसी गतिशील पिंड की गतिज ऊर्जा 450 J है और उसका वेग 15 m/s है, तो पिंड का द्रव्यमान कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2 kg |
| | ✗ B. 5 kg |
| | ✗ C. 3 kg |
| | ✓ D. 4 kg |

| Q.20 | एक कार 2.5 घंटे तक 62 km/hr की चाल से और फिर 1.5 घंटे तक 48 km/hr की चाल से चलती है। इसकी औसत चाल लगभग _______ है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 27.5 km/hr |
| | ✗ B. 58 km/hr |
| | ✗ C. 55 km/hr |
| | ✓ D. 56.8 km/hr |

| Q.21 | बेकिंग सोडा (सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?<br><br>A. यह सोडियम क्लोराइड, अमोनिया, कार्बन डाइऑक्साइड और जल की अभिक्रिया द्वारा औद्योगिक रूप से तैयार किया जाता है।<br>B. गर्म करने पर, बेकिंग सोडा कार्बन डाइऑक्साइड गैस मुक्त करता है, जो इसे बेकिंग में उपयोगी बनाती है।<br>C. बेकिंग सोडा का उपयोग प्रतिअम्ल (antacid) में किया जाता है क्योंकि यह अतिरिक्त आमाशयी अम्ल को उदासीन करता है, जिससे केवल लवण और जल बनता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल A |
| | ✓ B. केवल C |
| | ✗ C. A और C दोनों |
| | ✗ D. A और B दोनों |

| Q.22 | मत्स्य उत्पादन में, कवचप्राणी (shellfish) श्रेणी में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बंबिल (Bombay duck) |
| | ✗ B. ट्यूना (Tuna) |
| | ✓ C. मोलस्क (Molluscs) |
| | ✗ D. सिल्वर कार्प (Silver carp) |

| Q.23 | क्या होता है जब कीट, फसल पौधों की पत्तियों से रस चूस लेते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पौधा अधिक पुष्प उत्पन्न करता है |
| | ✗ B. पौधे का परागण हो जाता है |
| | ✗ C. पौधा वृद्धि करके मजबूत हो जाता है |
| | ✓ D. पौधे का स्वास्थ्य प्रभावित होता है |

| Q.24 | निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. किसी सीधे धारावाही चालक के परित: चुंबकीय क्षेत्र की दिशा दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम द्वारा दी जा सकती है। |
| | ✗ B. धारावाही तार की सतह पर चुंबकीय क्षेत्र शून्य होता है। |
| | ✗ C. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ सदैव सीधी रेखाएँ होती हैं। |
| | ✗ D. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं दक्षिणी ध्रुव से शुरू होकर चुंबक के बाहर उत्तरी ध्रुव पर समाप्त होती हैं। |

| Q.25 | उद्योगों में, मशीन के पुर्जों और पुलों जैसे धात्विक घटकों की संरचनात्मक अखंडता सुनिश्चित करने के लिए अल्ट्रासोनिक तरंगों का मुख्य रूप से किस प्रकार उपयोग किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. ब्लॉक के अंदर दरारें और अनुप्रस्थ भ्रंश का पता लगाने के लिए |
| | ✗ B. धातु के घनत्व को परिवर्तित करने के लिए |
| | ✗ C. अशुद्धियों को दूर करने हेतु धातु को गर्म करने के लिए |
| | ✗ D. धातु की सतह को पॉलिश करने के लिए |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | यदि 1768 m लंबी ट्रेन एक खंभे को 68 सेकंड में पार करती है, तो 338 m लंबे प्लेटफार्म को पार करने में ट्रेन द्वारा लिया गया समय (सेकंड में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ A. 81 |
| | ✘ B. 76 |
| | ✘ C. 77 |
| | ✘ D. 82 |

| | |
|---|---|
| Q.27 | $\left(\frac{16^{-1}\times 8^{2}}{4^{-3}\times 2^{5}}\right)^{\frac{1}{3}}$ को सरल कीजिए। |
| Ans | ✘ A. 8 |
| | ✔ B. 2 |
| | ✘ C. 4 |
| | ✘ D. 1 |

| | |
|---|---|
| Q.28 | एक विक्रेता अपनी वस्तु का अंकित मूल्य क्रय मूल्य से 75% अधिक रखता है और उस पर 52% की छूट देता है। इस लाभ या हानि का प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ A. 16% हानि |
| | ✘ B. 18% लाभ |
| | ✘ C. 19% हानि |
| | ✘ D. 15% हानि |

| | |
|---|---|
| Q.29 | दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7.5% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। अतुल ने प्रत्येक बैंक से ₹2,20,000 उधार लिए। 3 वर्षों के बाद अतुल द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान किए गए साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ A. 25,900 |
| | ✔ B. 26,400 |
| | ✘ C. 27,400 |
| | ✘ D. 27,900 |

| | |
|---|---|
| Q.30 | दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 80% पंजीकृत मतदाताओं ने अपने मत डाले। इनमें से 2%, अवैध घोषित कर दिए गए। एक उम्मीदवार को 8,820 मत मिले, जो वैध मतों का 75% थे। पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ A. 15,200 |
| | ✔ B. 15,000 |
| | ✘ C. 15,800 |
| | ✘ D. 16,200 |

| | |
|---|---|
| Q.31 | एक टाइपिस्ट को 4 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। 112 पृष्ठ टाइप करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगेगा? |
| Ans | ✘ A. 1110 |
| | ✘ B. 1125 |
| | ✘ C. 1130 |
| | ✔ D. 1120 |

| | |
|---|---|
| Q.32 | दो भाइयों की वर्तमान आयु में 4 वर्ष का अंतर है। बीस वर्ष पहले, बड़े भाई की आयु छोटे भाई की आयु की 1.25 गुना थी। बड़े भाई की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है? |
| Ans | ✘ A. 38 |
| | ✘ B. 34 |
| | ✘ C. 36 |
| | ✔ D. 40 |

| Q.33 | एक जोड़ी झुमके ₹27,650 में खरीदे जाते हैं और 5% के लाभ पर बेचे जाते हैं। लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए। (अपने उत्तर को निकटतम रुपये में पूर्णांकित कीजिए) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹1,362 |
| | ✗ B. ₹1,462 |
| | ✗ C. ₹1,450 |
| | ✓ D. ₹1,383 |

| Q.34 | प्रेक्षणों 96, 70, 85, 52, 40, 88, 63, 40 और 60 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 74 |
| | ✗ B. 56 |
| | ✗ C. 65 |
| | ✓ D. 66 |

| Q.35 | 24 cm × 16 cm × 10 cm विमाओं वाले एक घनाभ को पिघलाकर 4 cm भुजाओं वाले छोटे घन बनाए जाते हैं। बनाए जा सकने वाले घनों की संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 58 |
| | ✗ B. 64 |
| | ✗ C. 62 |
| | ✓ D. 60 |

| Q.36 | एक टाइपिस्ट को 2 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। 101 पृष्ठ टाइप करने में उसे कितना समय (मिनटों में) लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2030 |
| | ✓ B. 2020 |
| | ✗ C. 2010 |
| | ✗ D. 2025 |

| Q.37 | रंगीन ब्लॉकों की कुल संख्या 6409 है। यदि लाल ब्लॉकों और नीले ब्लॉकों का अनुपात 7 : 5 है तथा नीले ब्लॉकों और पीले ब्लॉकों का अनुपात 8 : 4 है, तो कितने पीले ब्लॉक हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1098 |
| | ✓ B. 1105 |
| | ✗ C. 1102 |
| | ✗ D. 1099 |

| Q.38 | 210 m और 390 m लंबी दो रेलगाड़ी एक ही दिशा में क्रमशः 120 km/hr और 150 km/hr की चाल से चल रही हैं। पीछे से आ रही तेज़ चाल वाली रेलगाड़ी दूसरी रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (मिनटों में) लेगी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 1.2 |
| | ✗ B. 9.3 |
| | ✗ C. 11.1 |
| | ✗ D. 2 |

| Q.39 | एक क्रिकेटर का 10 पारियों में 57 रनों का औसत है। यदि वह 11वीं पारी में 195 रन बनाता है, तो उसके औसत स्कोर में कितने रनों (निकटतम पूर्ण संख्या तक पूर्णांकित) की वृद्धि होगी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 13 |
| | ✗ B. 8 |
| | ✗ C. 14 |
| | ✗ D. 16 |

| | |
|---|---|
| Q.40 | रमन की आय ₹68,800 है। वह अपनी आय के 18.5% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 17% की वृद्धि होती है तथा व्यय में 25% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में _________ होगी। |
| Ans | ✔ A. ₹2,322 की कमी |
| | ✗ B. ₹2,319 की वृद्धि |
| | ✗ C. ₹2,325 की वृद्धि |
| | ✗ D. ₹2,325 की कमी |

| | |
|---|---|
| Q.41 | $(5x+11y)^2+(5x-11y)^2$ को सरल कीजिए। |
| Ans | ✗ A. $-220xy$ |
| | ✗ B. $50x^2-242y^2$ |
| | ✔ C. $50x^2+242y^2$ |
| | ✗ D. $220xy$ |

| | |
|---|---|
| Q.42 | एक त्रिभुज की भुजाएँ 39 cm, 62 cm और 85 cm हैं। 62 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसकी ऊँचाई कितनी है? |
| Ans | ✗ A. 18 cm |
| | ✗ B. 57 cm |
| | ✔ C. 36 cm |
| | ✗ D. 12 cm |

| | |
|---|---|
| Q.43 | एक आयत के आकार के भूखंड की विमाएँ 240 m× 180 m हैं। इसके चारों ओर (बाहर) 10 m चौड़ी एक संकरी पट्टी खोदी जाती है और खोदी गई मिट्टी को भूमि पर समान रूप से फैला दिया जाता है, जिससे इसकी सतह का स्तर 25 cm बढ़ जाता है। पट्टी की गहराई दो दशमलव अंकों तक ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 1.43 m |
| | ✗ B. 1.11 m |
| | ✗ C. 1.34 m |
| | ✔ D. 1.23 m |

| | |
|---|---|
| Q.44 | एक विक्रेता ने एक वस्तु पर 32% की छूट प्रदान किया और उसके बाद भी 57% का लाभ प्राप्त किया, तो क्रय मूल्य और अंकित मूल्य का अनुपात ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 69 : 160 |
| | ✗ B. 65 : 161 |
| | ✗ C. 71 : 162 |
| | ✔ D. 68 : 157 |

| | |
|---|---|
| Q.45 | 11 पुरुष और 17 महिलाएँ किसी काम को 6 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तथा 18 पुरुष और 15 महिलाएँ उसी काम को 4 दिनों में पूरा कर सकते हैं। कितनी महिलाओं का काम, एक पुरुष के काम के बराबर है? |
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✗ B. 10 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✔ D. 7 |

| | |
|---|---|
| Q.46 | A और B मिलकर एक काम 6 दिनों में कर सकते हैं। B अकेले उसी काम को 7 दिनों में कर सकता है। A अकेले उस काम का दोगुना काम करने में कितना समय (दिनों में) लेगा? |
| Ans | ✔ A. 84 |
| | ✗ B. 87 |
| | ✗ C. 85 |
| | ✗ D. 42 |

| Q.47 | $\frac{1}{20}$, $\frac{11}{50}$ का कितना प्रतिशत है? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 32.73% |
| | ✗ B. 45.45% |
| | ✓ C. 22.73% |
| | ✗ D. 37.73% |

| Q.48 | एक व्यक्ति एक मीनार के पाद से 36 मीटर की दूरी पर खड़ा है। मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण θ है, और tanθ = 5/3 है। मीनार की ऊँचाई (मीटर में) कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 54 |
| | ✗ B. 48 |
| | ✗ C. 45 |
| | ✓ D. 60 |

| Q.49 | रवि केवल पेन और पेंसिल बेचता है। एक पेन की कीमत ₹12 और एक पेंसिल की कीमत ₹4 है। एक विद्यार्थी कुल 25 आइटम खरीदता है और ₹180 खर्च करता है। विद्यार्थी ने कितने पेन खरीदे? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 10 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✗ C. 15 |
| | ✗ D. 20 |

| Q.50 | 18, a और 8a का चतुर्थानुपाती 16 है। a का धनात्मक मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✗ B. 9 |
| | ✗ C. 3 |
| | ✓ D. 6 |

## Section : General Intelligence and Reasoning

| Q.51 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>UDB VEC WFD XGE ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. YHF |
| | ✗ B. YHZ |
| | ✗ C. YHW |
| | ✗ D. YHL |

| Q.52 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>36 B 8 C 528 A 22 D 55 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 239 |
| | ✗ B. 244 |
| | ✓ C. 257 |
| | ✗ D. 261 |

| | |
|---|---|
| Q.53 | यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>26 × 2 − 8 ÷ 4 + 9 = ? |
| Ans | ✗ A. 39 |
| | ✓ B. 36 |
| | ✗ C. 38 |
| | ✗ D. 35 |

| | |
|---|---|
| Q.54 | निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 7 8 9 4 6 7 3 9 6 1 9 8 3 4 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद एक विषम संख्या है? |
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✗ B. चार |
| | ✓ C. एक |
| | ✗ D. दो |

| | |
|---|---|
| Q.55 | दक्षा बिंदु A से चलना शुरू करती है और पूर्व की ओर 5 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 6 km चलती है, फिर बाएं मुड़ती है और 11 km चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 6 km चलती है। वह अंत में बाएं मुड़ती है, 3 km चलती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए?<br><br>(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) |
| Ans | ✗ A. उत्तर की ओर 15 km |
| | ✓ B. पश्चिम की ओर 13 km |
| | ✗ C. दक्षिण की ओर 11 km |
| | ✗ D. पूर्व की ओर 11 km |

| | |
|---|---|
| Q.56 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>97 80 63 46 29 ? |
| Ans | ✗ A. 14 |
| | ✗ B. 10 |
| | ✗ C. 8 |
| | ✓ D. 12 |

| | |
|---|---|
| Q.57 | सात डिब्बे, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। केवल E को B के ऊपर रखा है। B और A के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। केवल C को G के नीचे रखा गया है। F को A के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। A के नीचे कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
| Ans | ✗ A. 1 |
| | ✓ B. 2 |
| | ✗ C. 3 |
| | ✗ D. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.58 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'lab bird set' को 'ef xo ej' के रूप में और 'set web hall' को 'ot ef hs' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'set' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
| Ans | ✓ A. ef |
| | ✗ B. ot |
| | ✗ C. ej |
| | ✗ D. xo |

| | |
|---|---|
| Q.59 | PI 13 का संबंध एक निश्चित तरीके से SM 17 से है। उसी प्रकार, HA 24 का संबंध KE 28 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RK 35 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
| Ans | ✗ A. VQ 39 |
| | ✗ B. VO 38 |
| | ✗ C. UN 38 |
| | ✓ D. UO 39 |

| | |
|---|---|
| Q.60 | नीचे दी गई संख्या श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br>(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)<br><br>(बाएं) 6 2 7 2 6 4 8 4 7 4 3 3 4 2 6 7 1 9 7 4 7 9 1 6 5 8 5 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद में एक सम संख्या है? |
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✗ B. 1 |
| | ✗ C. 3 |
| | ✓ D. 2 |

| | |
|---|---|
| Q.61 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी फ़ोन, कार हैं।<br>सभी फ़ोन, लाइट हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ कार, लाइट हैं।<br>(II) सभी लाइट, फ़ोन हैं। |
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.62 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी सोना, छत्ता हैं।<br>कोई छत्ता, गाय नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कोई सोना, गाय नहीं है।<br>(II): कुछ गाय, छत्ता हैं। |
| Ans | ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |

| Q.63 | अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. KOJ |
| | ✗ B. MQL |
| | ✓ C. OSM |
| | ✗ D. JNI |

| Q.64 | सौरभ अपनी कक्षा में ऊपर से 17वें और नीचे से 28वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 35 |
| | ✗ B. 34 |
| | ✓ C. 44 |
| | ✗ D. 33 |

| Q.65 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) 1 © % £ 8 8 @ % 4 # 1 © 3 7 6 3 % * & € 9 7 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक प्रतीक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✓ B. 3 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 1 |

| Q.66 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>P # Q का अर्थ है कि 'P, Q की माता है',<br>P @ Q का अर्थ है कि 'P, Q का पति है',<br>P & Q का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है', और<br>P % Q का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है'।<br><br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'R @ V # E & K % O' है, तो R का O से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बहन के पति |
| | ✗ B. माता के पिता |
| | ✗ C. पिता की माता |
| | ✓ D. पिता के पिता |

| Q.67 | श्रीमान Zzz बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करते हैं और पूर्व की ओर 11 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं, 19 km गाड़ी चलाते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 21 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं और 24 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वे बाएं मुड़ते हैं, 10 km गाड़ी चलाते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पूर्व में 7 km |
| | ✗ B. 2 km दक्षिण में |
| | ✓ C. उत्तर में 5 km |
| | ✗ D. पश्चिम में 4 km |

| | |
|---|---|
| Q.68 | निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनिए जो समान तर्क का पालन करता हो।<br><br>OWES - WOES - OESW<br>LITE - ILTE - LTEI |
| Ans | ✗ A. PAIN - APIN - AINP |
| | ✗ B. JUTE - UJTE - EUTJ |
| | ✗ C. VAST - VSAT - TSAV |
| | ✓ D. EARN - AERN - ERNA |

| | |
|---|---|
| Q.69 | दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>5 10 10 20 20 40 40 ? |
| Ans | ✓ A. 80 |
| | ✗ B. 40 |
| | ✗ C. 50 |
| | ✗ D. 20 |

| | |
|---|---|
| Q.70 | HR 15 का संबंध एक निश्चित तरीके से KU 12 से है। उसी प्रकार, SK 18 का संबंध VN 15 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, EW 21 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
| Ans | ✗ A. IA 18 |
| | ✗ B. HZ 15 |
| | ✓ C. HZ 18 |
| | ✗ D. HA 18 |

| | |
|---|---|
| Q.71 | निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित युग्मों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>74, 43<br>98, 55 |
| Ans | ✗ A. 64, 39 |
| | ✗ B. 142, 76 |
| | ✓ C. 46, 29 |
| | ✗ D. 122, 66 |

| | |
|---|---|
| Q.72 | M, N, O, P, W, X और Y एक गोल मेज के परित: केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>P के दाईं ओर से गिने जाने पर P और O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O के दाईं ओर से गिने जाने पर O और X के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। W के दाईं ओर से गिने जाने पर P और W के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। N के दाईं ओर से गिने जाने पर N और X के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M के दाईं ओर से गिने जाने पर M और W के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Y के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
| Ans | ✗ A. M |
| | ✗ B. W |
| | ✓ C. O |
| | ✗ D. P |

| | |
|---|---|
| Q.73 | यदि संख्या 7381564 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा अंक इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से दूसरा होगा? |
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✓ B. 4 |
| | ✗ C. 8 |
| | ✗ D. 2 |

| | |
|---|---|
| Q.74 | निम्नलिखित संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की ओर की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।<br><br>(बाएँ) 6 7 8 9 & 5 £ & $ £ $ 1 * * # * € 8 % 8 © 7 (दाएँ)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है? |
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✗ B. छह |
| | ✓ C. चार |
| | ✗ D. पाँच |

| | |
|---|---|
| Q.75 | अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. CBD |
| | ✓ B. TTU |
| | ✗ C. AZB |
| | ✗ D. VUW |

| | |
|---|---|
| Q.76 | A, B, C, E, F, P और Q एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिनने पर C और E के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। C, P के बाईं ओर तीसरे स्थान पर है। B, F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर है। E और P दोनों का निकटतम पड़ोसी Q है। A के दाईं ओर से गिनने पर A और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. तीन |
| | ✗ C. चार |
| | ✓ D. दो |

| | |
|---|---|
| Q.77 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'keep turning pages' को 'kd vt fg' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'count the pages' को 'kl vt za' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'pages' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?<br><br>(सभी कूट दो-अक्षरीय कूट हैं) |
| Ans | ✗ A. kd |
| | ✗ B. kl |
| | ✓ C. vt |
| | ✗ D. fg |

| | |
|---|---|
| Q.78 | A, B, C, D, W, X और Y एक गोल मेज के परित: केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>C, B के ठीक बायीं ओर पड़ोस में बैठा है। W, A के ठीक बायीं ओर पड़ोस में बैठा है। A, X के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D, B के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। Y के दायीं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
| Ans | ✓ A. D |
| | ✗ B. C |
| | ✗ C. A |
| | ✗ D. W |

| Q.79 | दी गई शृंखला को पूरा करने के लिए कौन-सा अक्षर समूह प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br>IHT KJS MLR ONQ ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. OPP |
| | ✓ B. QPP |
| | ✗ C. PTR |
| | ✗ D. HYU |

| Q.80 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>532 542 550 556 560 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 568 |
| | ✗ B. 564 |
| | ✗ C. 566 |
| | ✓ D. 562 |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है जिसे वर्ष 2025 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कर्नाटक |
| | ✗ B. मध्य प्रदेश |
| | ✓ C. ओडिशा |
| | ✗ D. बिहार |

| Q.82 | मौद्रिक नीति समिति की 56वीं बैठक कब आयोजित की गयी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4, 5 और 6 अक्टूबर 2025 |
| | ✓ B. 4, 5 और 6 अगस्त 2025 |
| | ✗ C. 4, 5 और 6 सितंबर 2025 |
| | ✗ D. 4, 5 और 6 जुलाई 2025 |

| Q.83 | अवाज़ा शहर, जो स्थलरुद्ध विकासशील देशों से संबंधित तीसरे संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (2025) का आयोजन स्थल है, किस देश में स्थित है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. तुर्कमेनिस्तान |
| | ✗ B. कजाकिस्तान |
| | ✗ C. किर्गिस्तान गणराज्य |
| | ✗ D. उज्बेकिस्तान |

| Q.84 | निम्नलिखित में से किस देश में महेंद्र गुर्जर ने 2025 में पैरा जेवलिन में विश्व रिकॉर्ड बनाया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारत |
| | ✗ B. जर्मनी |
| | ✗ C. ब्राज़ील |
| | ✓ D. स्विट्जरलैंड |

| Q.85 | किस देश ने भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर 26 मई से 10 जून 2025 तक अपना पहला संयुक्त विशेष अभियान अभ्यास 'टाइगर क्लॉ (Tiger Claw)' आयोजित किया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. संयुक्त राज्य अमेरिका (United States of America) |
| | ✗ B. संयुक्त अरब अमीरात (United Arab Emirates) |
| | ✗ C. रूस (Russia) |
| | ✗ D. जर्मनी (Germany) |

| | |
|---|---|
| Q.86 | संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा निर्धारित 2025 में विश्व पर्यावरण दिवस की मेजबानी दक्षिण कोरिया ने कब की? |
| Ans | ✗ A. 8 जून |
| | ✗ B. 5 मई |
| | ✗ C. 22 अप्रैल |
| | ✓ D. 5 जून |

| | |
|---|---|
| Q.87 | सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क प्रगति रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों द्वारा कवर की गई जनसंख्या 2025 में किस स्तर तक बढ़ गई है, जो देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में पर्याप्त विस्तार का संकेत देती है? |
| Ans | ✗ A. 81.6% |
| | ✓ B. 64.3% |
| | ✗ C. 72.7% |
| | ✗ D. 59.8% |

| | |
|---|---|
| Q.88 | जून 2025 में जारी सतत विकास लक्ष्य (SDG) सूचकांक के अनुसार भारत का सतत विकास लक्ष्य (SDG) सूचकांक स्कोर क्या है? |
| Ans | ✗ A. 58 |
| | ✓ B. 67 |
| | ✗ C. 53 |
| | ✗ D. 72 |

| | |
|---|---|
| Q.89 | मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 से संबंधित अगस्त 2025 की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक के एजेंडे के दौरान उजागर किए गए फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (FRS) का मुख्य लाभ निम्नलिखित में से कौन-सा है? |
| Ans | ✗ A. सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल टैबलेट उपलब्ध कराना |
| | ✗ B. आंगनवाड़ी कर्मचारियों की उपस्थिति की वास्तविक समय में निगरानी |
| | ✗ C. निजी स्कूलों के बच्चों तक पोषण कवरेज का विस्तार |
| | ✓ D. यह सुनिश्चित करना कि लाभ केवल वास्तविक लाभार्थियों तक पहुँचें |

| | |
|---|---|
| Q.90 | भारतीय सशस्त्र बलों के लिए क्लोज क्वार्टर बैटल (CQB) कार्बाइन विकसित करने के लिए किन दो संगठनों ने आपस में सहयोग (collaborated) किया है? |
| Ans | ✓ A. DRDO और भारत फोर्ज |
| | ✗ B. ISRO और BEML |
| | ✗ C. BEL और L&T |
| | ✗ D. HAL और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स |

| | |
|---|---|
| Q.91 | निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने केंद्रीय स्तर पर बेहतर डेटा समेकन के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं को मजबूत करने और वंचित समूहों का सहयोग करने के लिए मार्च 2025 में भारत के सामाजिक संरक्षण डेटा पूलिंग अभ्यास (Social Protection Data Pooling Exercise) के चरण 01 का शुभारंभ किया? |
| Ans | ✗ A. ग्रामीण विकास मंत्रालय |
| | ✓ B. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय |
| | ✗ C. गृह मंत्रालय |
| | ✗ D. वित्त मंत्रालय |

| | |
|---|---|
| Q.92 | कौन-सा संगठन आमतौर पर 'स्पोर्ट्स एंड गेम्स फॉर डिसेबल्ड' योजना के कार्यान्वयन को सहयोग करता है? |
| Ans | ✗ A. भारतीय रिजर्व बैंक |
| | ✗ B. भारतीय रेलवे |
| | ✗ C. शिक्षा मंत्रालय |
| | ✓ D. युवा मामले और खेल मंत्रालय |

| | |
|---|---|
| Q.93 | अप्रैल 2025 में, कौन-सी IPL फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट के इतिहास में 150 जीत तक पहुंचने वाली पहली टीम बनी? |
| Ans | ✗ A. चेन्नई सुपर किंग्स |
| | ✗ B. कोलकाता नाइट राइडर्स |
| | ✓ C. मुंबई इंडियंस |
| | ✗ D. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु |

| | |
|---|---|
| Q.94 | GST परिषद ने 22 सितंबर 2025 से सभी व्यक्तिगत जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर कितने प्रतिशत कर को समाप्त कर दिया है? |
| Ans | ✗ A. 12% |
| | ✗ B. 14% |
| | ✓ C. 18% |
| | ✗ D. 16% |

| | |
|---|---|
| Q.95 | किस देश की संसद ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया? |
| Ans | ✗ A. नेपाल |
| | ✗ B. केन्या |
| | ✗ C. चीन |
| | ✓ D. भारत |

| | |
|---|---|
| Q.96 | 20 फरवरी 2025 को रामलीला मैदान में दिल्ली के नौवें मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली? |
| Ans | ✗ A. अरविंद केजरीवाल |
| | ✓ B. रेखा गुप्ता |
| | ✗ C. मनजिंदर सिंह सिरसा |
| | ✗ D. रविन्द्र इन्द्राज |

| | |
|---|---|
| Q.97 | मार्च 2025 में, निम्नलिखित में से किसने प्राग मास्टर्स (मास्टर्स सेक्शन) 2025 शतरंज का खिताब जीता? |
| Ans | ✗ A. अनीश गिरी (Anish Giri) |
| | ✓ B. अरविंद चितांबरम (Aravindh Chithambaram) |
| | ✗ C. आर. प्रज्ञानानंदा (R Praggnanandhaa) |
| | ✗ D. एडिज़ गुरेल (Ediz Gürel) |

| | |
|---|---|
| Q.98 | 2025 कलिंगा लिटरेरी फेस्टिवल में, प्रोफेसर अरुणव सिन्हा ने किसकी कहानियों के अनुवाद के लिए पुरस्कार जीता? |
| Ans | ✗ A. सैवी कर्नेल (Savie Karnel) |
| | ✓ B. संदीपन चट्टोपाध्याय (Sandipan Chattopadhyay) |
| | ✗ C. विकास स्वरूप (Vikas Swarup) |
| | ✗ D. जीत थायिल (Jeet Thayil) |

| | |
|---|---|
| Q.99 | वर्ष 2024 के लिए इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार के लिए किसे चुना गया है? |
| Ans | ✗ A. मलाला यूसुफजई (Malala Yousafzai) |
| | ✗ B. एंजेला मर्केल (Angela Merkel) |
| | ✗ C. ग्रेटा थुनबर्ग (Greta Thunberg) |
| | ✓ D. मिशेल बाचेलेट (Michelle Bachelet) |

| | |
|---|---|
| Q.100 | GARBH-INi-DRISHTI, जिसे फरवरी 2025 में ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (THSTI) में लॉन्च किया गया था, 12,000 से अधिक _______ से एकत्र किए गए नैदानिक डेटा, इमेज और बायोस्पेसिमेन की अभूतपूर्व संपत्ति तक पहुंच प्रदान करता है। |
| Ans | ✓ A. गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और प्रसवोत्तर माताओं |
| | ✗ B. कोविड-19 से बचे रोगियों |
| | ✗ C. हीमोफीलिया और अन्य रुधिर रोगों से पीड़ित रोगियों |
| | ✗ D. कैंसर और AIDS रोगियों |

"